आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 18.12.2025 समय : 07.10 PM

मुख्य समाचार,

- प्रधानमंत्री कल नई दिल्ली में द्वितीय वैश्विक शिखर सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करेंगे।
- लोकसभा ने **विकसित भारत - रोजगार और आजीविका गारन्टी मिशन-ग्रामीण विधेयक : वीबी -जी-राम-जी-2025** पारित किया ।
- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मोबाईल फॉरेंसिक वैन को झंडी दिखाकर किया रवाना।
- प्रदेश में कड़ाके की ठंड जारी, मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक मौसम ऐसा ही रहने की संभावना जताई ।

**अब समाचार विस्तार से...**

**प्रधानमंत्री-डब्ल्यूएचओ शिखर सम्मेलन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में आयोजित होने वाले विश्व स्वास्थ्य संगठन-डब्ल्यू.एच.ओ के पारंपरिक चिकित्सा पर द्वितीय वैश्विक शिखर सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आयुष क्षेत्र के लिए एक प्रमुख डिजिटल पोर्टल, माई आयुष इंटीग्रेटेड सर्विसेज पोर्टल सहित कई महत्वपूर्ण आयुष पहलों का शुभारंभ करेंगे। वे आयुष मार्क का भी अनावरण करेंगे, जिसे आयुष उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता के लिए एक वैश्विक मानक के रूप में परिकल्पित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान, श्री मोदी योग प्रशिक्षण पर विश्व स्वास्थ्य संगठन की तकनीकी रिपोर्ट और आयुष में 11 वर्षों के परिवर्तन पर पुस्तक का विमोचन भी करेंगे।

लोकसभा **जी-राम-जी-2025**

लोकसभा ने **विकसित भारत - रोजगार और आजीविका गारन्टी मिशन-ग्रामीण विधेयक : वीबी -जी-राम-जी-2025** पारित कर दिया है। यह विधेयक, बीस साल पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम—मनरेगा—2005 का स्थान लेगा। विधेयक का उद्देश्य विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करना है।

इस विधेयक के तहत, प्रत्येक वित्त वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को एक सौ पच्चीस दिनों के मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान की जाएगी।

विधेयक पारित होने के बाद ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में मीडिया को संबोधित करते हुए विकसित भारत – ग्राम विकास विधेयक, 2025 पर लोकसभा में चर्चा के दौरान विपक्ष के व्यवहार की निंदा की। उन्होंने कहा कि इस विस्तार के लिए योजना में पर्याप्त धनराशि का प्रस्ताव किया गया है, जो कुल मिलाकर एक लाख 51 हजार 282 करोड़ रुपये है। इसमें केंद्र सरकार का हिस्सा 95 हजार करोड़ रुपये से अधिक है। ग्रामीण विकास मंत्री श्री चौहान ने कहा–

## मोबाइल फॉरेंसिक वैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में अपराध अनुसंधान, साक्ष्य संकलन और वैज्ञानिक विवेचना की क्षमता को सुदृढ़ करने के लिए तैयार की गई मोबाइल फॉरेंसिक वैनों को पुलिस मुख्यालय भोपाल से झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मोबाईल फॉरेसिंक वैन मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों में सीन ऑफ क्राइम के इनवेस्टीगेशन में अत्याधिक कारगर साबित होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस ने 11 दिसंबर को प्रदेश से नक्सल आतंक को समाप्त कर दिया है

प्रदेश पुलिस को 57 मोबाईल फॉरेंसिक वैन उपलब्ध कराई जा रही हैं। इनकी लागत 36 करोड़ 94 लाख 17 हजार 969 रुपए है। यह राशि केंद्र सरकार द्वारा प्रदाय की गई है।

### नगरीय विकासः विजयवर्गीय

प्रदेष के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाष विजयवर्गीय ने कहा कि प्रदेष में नगरीय निकायों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएंगे। नगरीय विकास विभाग ने षहरी क्षेत्रों में संपत्तियों की जीआई मैपिंग का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इससे संपत्ति कर से होने वाली आय में वद्धि होगी। आज पत्रकार वार्ता में अपने विभाग की दो साल की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए श्री विजयवर्गीय ने कहा कि विभाग षहरों की एयर क्वालिटी सुधारने के लिए पार्कों में पौधरोपण किए जाने के साथ उनकी देखरेख के प्रति भी और जिम्मेदारी से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि 2047 तक देश की 50 प्रतिशत आबादी शहरी होगी उसी के हिसाब से बिल्डिंग सिटीज टूमारो यानि कल का शहर कैसा हो इसकी हम प्लानिंग करवा रहे हैं।

### उपमुख्यमंत्री–प्रेसवार्ता

प्रदेष के उपमुख्यमंत्री जगदीष देवडा ने आज अपने विभागों के दो साल की उपलब्धियां बताई और आगामी तीन साल की कार्ययोजना की भी जानकारी दी; भोपाल में संवाददाता सम्मेलन में श्री देवडा ने कहा कि आने वाले तीन सालों में प्रदेष के सभी पंजीयन कार्यालयों का पासपोर्ट कार्यालयों की तर्ज पर आधुनिकीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वेट अधिनियम

अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 के माह नवंबर तक 12 हजार करोड से अधिक का राजस्व और जीएसटी अधिनियम अंतर्गत 22 हजार पांच सौ करोड से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। श्री देवड़ा ने कहा कि– मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 1 नवंबर को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर विकसित मध्यप्रदेश दृष्टिपत्र का विमोचन किया गया है। प्रदेश सरकार द्वारा विकसित मध्यप्रदेश दृष्टिपत्र के आधार पर कदम से कदम मिलाते हुए विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

**राज्यपाल**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि दीन-दुखियों की सेवा ईश्वर की सेवा है। श्री पटेल आज भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केन्द्र (बी.एम.एच.आर.सी.) में आयोजित चौथे इंटरनेशनल स्कूल ऑन रेडिएशन रिसर्च के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा है पीड़ित मानवता की सेवा का अवसर बिरले और सौभाग्यशाली लोगों को प्राप्त होता है। चिकित्सक, पीड़ित मानवता के सच्चे सेवक हैं। रोगियों के लिए चिकित्सक भगवान का अवतार होते हैं।

**मौसम**

प्रदेश में कड़ाके की ठंड जारी है। उत्तर से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से काफी नीचे दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक मौसम ऐसी ही रहने की संभावना जताई है। साथ ही कई जिलों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं षीत लहर को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने बचाव और सावधानी के लिए एडवाजरी जारी की है। कोहरे की वजह से दिल्ली से मध्यप्रदेश आने वाली 15 से ज्यादा ट्रेनें हर रोज 20 मिनट से 5 घंटा तक लेट हैं।

“तानसेन समारोह”

-ग्वालियर में चल रहे “ तानसेन समारोह” के चौथे दिन आज साधना संगीत कला केंद्र, ग्वालियर के विद्यार्थियों द्वारा ध्रुपद गायन प्रस्तुत किया गया से हुई। इस सभा में नोएडा से पधारे पंडित चेतन जोशी के सुमधुर बांसुरी वादन, प्रयागराज के खयाल गायक डॉ. ऋषि मिश्रा के गायन और इंदौर के सारंग लासुरकर के एकल तबला वादन ने संगीत रसिकों को मुग्ध कर दिया। वही नासिक के सुविख्यात खयाल गायक आशीष विजय रानाडे के गायन का आनंद भी श्रोताओं ने लिया।

**संक्षिप्त समाचार**

- क्रिसमस और नए साल के अवसर पर यात्रियों की भीड़ को संभालने के लिए भारतीय रेलवे **नौ** जोनों में **एक सौ 38** विशेष ट्रेनें चलाएगा।
- बैतूल में ट्राईफेड द्वारा 21 से 26 दिसंबर तक छत्रपति शिवाजी ओपन ऑडिटोरियम में आदि बाजार का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिसमें केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके मुख्य अतिथि रहेंगे।
- राजगढ़ में कॉलेज चलो अभियान के तहत आज विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रेरित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- अशोकनगर में राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष प्रो. वीरेन्द्र कुमार मल्होत्रा ने आज स्कूलों में मध्यान्ह भोजन और पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चत करने के निर्देश दिये।
- दुबई में भारतीय पुरुष और महिला टीम ने मौजूदा चैंपियन केन्या को हराकर **रोल बॉल विश्व कप** का खिताब जीत लिया है। पुरुष टीम ने केन्या को **ग्यारह-दस** से हराकर पांचवीं बार खिताब जीता। वही, महिला टीम ने केन्या को **तीन-दो** हराकर तीसरी बार फाइनल मुकाबला अपने नाम किया।

-----------------------------------------